# Daily Current Affairs

Date : 07 March, 2026

UTKARSH CLASSES | CIVIL SERVICES

## अनुक्रमणिका


| क्र. सं. | टॉपिक का नाम |
|---|---|
| 1. | RSMML का नवाचार - संगतराश कार्यक्रम |
| 2. | उद्यमी सम्मान समारोह – 2026 |
| 3. | जीरे की नई किस्म : जोधपुर जीरा-1 (JC-1) |
| 4. | न्यूज़ इन शॉर्ट्स<br>1. शिकारा बोटिंग आईकॉनिक डेस्टिनेशन – आमेर (जयपुर)<br>2. वर्ल्ड ग्लोबल इम्पैक्ट अवॉर्ड – 2026<br>3. भिवाड़ी और धारूहेड़ा में जलभराव की समस्या का समाधान<br>4. शिव मठ मंदिर, चंद्रेसल (कोटा)<br>5. सेना दिवस परेड-2026 की संकलन पुस्तिका का विमोचन |
| 5. | रायसीना डायलॉग |
| 6. | हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में 'मुख्य सुरक्षा प्रदाता' के रूप में भारत |
| 7. | कुर्द |
| 8. | ईरान के परमाणु स्थल |
| 9. | भारत-फिनलैंड संबंध |
| 10. | जैव-विविधता अभिसमय (CBD) |
| 11. | एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) Mk-III और श्टिल (Shtil) मिसाइल |
| 12. | IMPAct4Nutrition (पोषण के लिए निजी कार्रवाई की लामबंदी हेतु पहल: I4N) |
| 13. | मिनटमैन III (Minuteman III) |





उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राजस्थान परिदृश्य

## RSMML का नवाचार - संगतराश कार्यक्रम

### चर्चा में क्यों?

- राजस्थान स्टेट माइंस एण्ड मिनरल्स लिमिटेड (RSMML) ने खनिज कचरे के सदुपयोग और कला को बढ़ावा देने के लिए 'संगतराश' नामक एक महत्त्वपूर्ण नवाचार शुरू किया है।

### मुख्य बिन्दु:

- इस नवाचार के तहत् झामरकोटड़ा खनन क्षेत्र (उदयपुर) से निकलने वाले खनिज ओवरबर्डन और वेस्ट मटेरियल (अपशिष्ट सामग्री) को रिसाइकिल किया जाएगा। रिसाइकिल की गई इस सामग्री का उपयोग आधुनिक और समकालीन मूर्तियां बनाने के लिए किया जाएगा।
- RSMML का संगतराश नवाचार पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक व गुड गवर्नेंस दायित्व की दिशा में एक महत्त्वपूर्ण कदम हैं।

**फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:**

**राजस्थान स्टेट माइंस एण्ड मिनरल्स लिमिटेड (RSMML)**

- **स्थापना :** वर्ष 1974
- राजस्थान राज्य खान एवं खनिज लिमिटेड राजस्थान सरकार के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में से एक है, जो मुख्य रूप से राज्य में औद्योगिक खनिजों के खनन और विपणन के लिए जिम्मेदार है।
- **कंपनी का मुख्य उद्देश्य :** खनिजों के खनन में लागत प्रभावी तकनीकी नवाचारों को अपनाना और खनिज आधारित डाउनस्ट्रीम परियोजनाओं में विविधता लाना।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# उद्यमी सम्मान समारोह – 2026

## चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा जयपुर के जगतपुरा में स्वदेशी जागरण मंच द्वारा आयोजित 'उद्यमी सम्मान समारोह – 2026' में राजस्थान के 14 उद्यमियों को सम्मानित किया गया।

## मुख्य बिन्दु:

### सम्मानित उद्यमी:

| क्रम | नाम | संबंधित जिला |
|---|---|---|
| 1. | राधेश्याम गोयल | भरतपुर |
| 2. | सरदार हीरा सिंह | भरतपुर |
| 3. | रामप्रसाद शर्मा | जयपुर |
| 4. | सरयू शरण शर्मा | जयपुर |
| 5. | दीपक अग्रवाल | जयपुर |
| 6. | भारत अग्रवाल | जयपुर |
| 7. | मनीष गुप्ता | जयपुर |
| 8. | रास बिहारी रूंगटा | जयपुर |
| 9. | मूर्तिकार महावीर भारती | जयपुर |
| 10. | विनीत जैन | सीकर |
| 11 | पृथ्वी सिंह | सीकर |
| 12. | पुष्पा सेवाराम गुप्ता | झुंझुनूं |
| 13. | रामवतार शर्मा | - |
| 14. | अनिरुद्ध जोशी | - |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### राजस्थान MSMEs नीति - 2024

- **जारी :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा 4 दिसंबर, 2024 को।
- **प्रभावी :** 31 मार्च, 2029 तक या अन्य नीति द्वारा प्रतिस्थापित नहीं किए जाने तक।

### नीति के मुख्य लक्ष्य:

- **नई ईकाइयाँ :** आगामी 5 वर्षों में 20,000 नई MSMEs ईकाइयाँ स्थापित करना।
- **निवेश और रोजगार :** इस नीति के माध्यम से ₹10,000 करोड़ का निवेश आकर्षित करने और लगभग 1 लाख नए रोजगार सृजित करने की योजना है।
- **वैश्विक प्रतिस्पर्धा :** स्थानीय MSMEs को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाकर वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाना।

UTKARSH CIVIL SERVICES


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## जीरे की नई किस्म : जोधपुर जीरा-1 (JC-1)

### चर्चा में क्यों?

- ‘जोधपुर जीरा-1 (JC-1)’ जोधपुर कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित जीरे की नई किस्म है।



### मुख्य बिन्दु:

- **स्वीकृति :** केंद्रीय किस्म विमोचन समिति (CSC) द्वारा अप्रैल, 2025 में 'जोधपुर जीरा-1' को आधिकारिक स्वीकृति प्रदान की गई थी।
- **उच्च उत्पादन :** जीरे की वर्तमान किस्म GC-4 की तुलना में जोधपुर जीरा-1 की उत्पादन क्षमता 22.7 प्रतिशत अधिक है।
- **रोग प्रतिरोधक :** उकठा (Fusarium Wilt) और कालिया (Blight) जैसे रोगों के प्रति सुरक्षित।
- **तेल की गुणवत्ता :** इसमें तेल की मात्रा लगभग 4.34 प्रतिशत है। अपनी बेहतरीन सुगंध और तेल की उच्च गुणवत्ता के कारण यह अंतरराष्ट्रीय बाजार में निर्यात के लिए उपयुक्त मानी जा रही है।
- अंतिम स्वीकृति से पूर्व इस किस्म का राजस्थान और गुजरात के 5 प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्रों पर परीक्षण किया गया।




उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

## फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

### प्रमुख फसलों की उच्च गुणवत्ता वाली किस्में

| | |
|---|---|
| 1. बाजरा<br>■ RAJ – 171<br>■ RCB – 2<br>■ RCB – 911<br>■ RHB – 30 | 5. गन्ना<br>■ CO – 419<br>■ CO – 449<br>■ CO – 1007<br>■ CO – 1111 |
| 2. कपास<br>■ नरमा<br>■ बीकानेरी नरमा<br>■ PST – 9<br>■ US – 81<br>■ US – 51<br>■ US – 71<br>■ वीरनार<br>■ वरलक्ष्मी | 6. सरसों<br>■ पूसा बोल्ड<br>■ राजविजय सरसों - 2<br>■ पूसा सरसों - 25<br>■ पूसा सरसों - 21 |
| 3. गेहूँ<br>■ MG- नबी (मरू गेहूँ-नबी) (काला गेहूँ)<br>■ लेमी<br>■ कल्याण सोना (1482)<br>■ सोनालिका<br>■ मालविका<br>■ कोहिनूर<br>■ दुर्गापुरा – 65 एवं चम्बल 65 | 7. मक्का<br>■ माही धवल<br>■ माही कंचन<br>■ HM - 4<br>■ HM - 8<br>■ HM - 9<br>■ अरुण<br>■ किरण<br>■ प्रभात |
| 4. चावल<br>■ बासमती<br>■ माहीसुगंधा<br>■ परमल<br>■ चम्बल<br>■ पद्मा<br>■ जमुना | 8. जौ<br>■ करण<br>■ कैलाश<br>■ केदार<br>■ ज्योति<br>■ आर.डी. 3064 |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ✂️ न्यूज़ इन शॉर्ट्स ⚡

| क्र. सं. | न्यूज़ |
|---|---|
| 1. | **शिकारा बोटिंग आईकॉनिक डेस्टिनेशन – आमेर (जयपुर)**<br>■ कश्मीर की तर्ज पर आमेर (जयपुर) में स्थित मावठा झील को शिकारा बोटिंग के लिए 'आइकॉनिक डेस्टिनेशन' के रूप में विकसित किया जा रहा है।<br>■ आमेर किले की तलहटी में स्थित मावठा झील में पर्यटक कश्मीर की डल झील जैसा शिकारा बोटिंग का अनुभव ले सकेंगे। बोटिंग के दौरान पर्यटकों के लिए राजस्थानी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। |
| 2. | **वर्ल्ड ग्लोबल इम्पैक्ट अवॉर्ड – 2026**<br>■ हाल ही में नई दिल्ली में जयपुर निवासी जीतेंद्र बागड़ा को 'वर्ल्ड ग्लोबल इम्पैक्ट अवॉर्ड-2026' प्रदान किया गया।<br>■ उन्हें यह सम्मान विश्व मंच पर भारतीय सनातन संस्कृति, कला, पारंपरिक परिधान और जीवन मूल्यों का प्रभावी प्रचार-प्रसार करने के लिए दिया गया। |
| 3. | **भिवाड़ी और धारूहेड़ा में जलभराव की समस्या का समाधान**<br>■ भिवाड़ी (राजस्थान) और धारूहेड़ा (हरियाणा) में दशकों पुरानी जलभराव की समस्या के स्थायी समाधान के लिए भारत सरकार, हरियाणा सरकार और राजस्थान सरकार के सहयोग से कुल ₹150 करोड़ की संयुक्त परियोजना प्रस्तावित है।<br>■ भिवाड़ी में 34 MLD (मिलियन लीटर प्रतिदिन) क्षमता का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित किया जाएगा। साथ ही, औद्योगिक कचरे के लिए 6 MLD क्षमता का कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट (CETP) विकसित किया गया है। |


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

| | |
|---|---|
| 4. | **शिव मठ मंदिर, चंद्रेसल (कोटा)**<br>■ हाल ही में उप-मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा शिव मठ मंदिर, चंद्रेसल (कोटा) में संरक्षण संबंधी कार्य किए जाने की घोषणा की गई।<br>■ यह मंदिर 10वीं-11वीं शताब्दी में निर्मित हुआ था। शिव मठ मंदिर, चंद्रेसल को पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा वर्ष 2008 में संरक्षित किया गया था। |
| 5. | **सेना दिवस परेड-2026 की संकलन पुस्तिका का विमोचन**<br>■ हाल ही में, मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा जयपुर में सेना दिवस परेड-2026 की संकलन पुस्तिका एवं लघु फिल्म का विमोचन किया गया।<br>■ मुख्यमंत्री ने आर्मी डे परेड के आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रशासनिक, पुलिस एवं सैन्य अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।<br>■ सम्मानित होने वाले व्यक्तित्वों में प्रमुख शासन सचिव-सामान्य प्रशासन नवीन जैन, जयपुर पुलिस आयुक्त सचिन मित्तल, शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, जयपुर कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी, जनरल इंचार्ज-प्रशासन दक्षिण-पश्चिमी कमान मेजर जनरल अमर रामदासनी, कर्नल संदीप श्रीधरन एवं कर्नल हरिन्दर सुमरा शामिल थे। |



उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# राष्ट्रीय परिदृश्य

## रायसीना डायलॉग

### चर्चा में क्यों?

- रायसीना डायलॉग का 11वां संस्करण भारत में आयोजित किया जा रहा है।

### मुख्य बिन्दु:

- **2026 के इस संस्करण की थीम:** "संस्कार- असर्शन, एकॉमोडेशन, एडवांसमेंट"
- रायसीना डायलॉग के हिस्से के रूप में, रायसीना विज्ञान कूटनीति पहल (SDI) का पहला संस्करण शुरू किया गया।

**रायसीना डायलॉग:**

- यह भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है। यह 2016 से प्रतिवर्ष नई दिल्ली में आयोजित किया जाता है।
- इसे विदेश मंत्रालय के सहयोग से ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया जाता है।
- रायसीना प्लेटफॉर्म्स एंड आइडियाज फोरम (RPIF) वह इकाई है, जो रायसीना डायलॉग का प्रशासन और प्रबंधन करती है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

## हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में 'मुख्य सुरक्षा प्रदाता' के रूप में भारत

### चर्चा में क्यों?

- अमेरिका द्वारा ईरान के IRIS डेना पोत को डुबोने से समुद्री सुरक्षा संबंधी चिंताएं उजागर हुईं हैं।

### मुख्य बिन्दु:

- ईरानी पोत IRIS डेना को हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में अमेरिकी परमाणु-संचालित पनडुब्बी द्वारा डुबाया गया। इसे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिका द्वारा किया गया ऐसा पहला हमला बताया जा रहा है।
- संकट के संकेत मिलने के बाद, भारतीय नौसेना ने INS तरंगिणी और INS इक्षक को तैनात करते हुए खोज और बचाव अभियान शुरू किए।

### हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में 'मुख्य सुरक्षा प्रदाता' के रूप में भारत की भूमिका

- भारत ने अपने सागर/SAGAR (क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास) विजन को उन्नत करके महासागर/ MAHASAGAR (सभी क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति) कर दिया है।
- **संस्थाओं की स्थापना के द्वारा नेतृत्व प्रदान करना:** भारत में सूचना संलयन केंद्र – हिंद महासागर क्षेत्र (IFC-IOR) स्थित है। भारत 'हिंद महासागर रिम एसोसिएशन' (IORA) में अग्रणी भूमिका निभाता है।
- **क्षेत्रीय सुरक्षा मंच और नौसैनिक सहयोग:** उदाहरण के लिए, कोलंबो सुरक्षा पहल, इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू (IFR) 2026, हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) कॉन्क्लेव, आदि।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# कुर्द

## चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राज्य अमेरिका, ईरान के साथ अपने संघर्ष में कुर्द नृजातीय समूहों से समर्थन माँग रहा है।



## मुख्य बिन्दु:

### कुर्द के बारे में:

- कुर्द विश्व के सबसे बड़े राज्यविहीन नृजातीय समूहों में से एक है। विश्व भर में इनकी जनसंख्या 30 से 40 मिलियन के बीच है।
- **क्षेत्र:** वे अधिकांशतया आर्मेनिया, इराक, ईरान, सीरिया और तुर्की की सीमाओं पर चोटियों के बीच और घाटियों में रहते हैं।
- **संस्कृति:** कुर्दों की एक विशिष्ट संस्कृति है। इसमें कई बोलियों वाली फारसी से संबंधित भाषा, पारंपरिक पोशाक, संगीत, भोजन और पहचान शामिल हैं।
- **अलग राष्ट्र की माँग:** उनका राष्ट्रवाद 19वीं सदी के उत्तरार्ध में उभरा था, लेकिन मातृभूमि की उनकी आकांक्षाएँ बार-बार विफल रही है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# ईरान के परमाणु स्थल

## चर्चा में क्यों?

- मौजूदा अमेरिका-ईरान संघर्ष के बीच ईरान के परमाणु स्थलों ने विश्व का ध्यान फिर से अपनी ओर खींचा है।



## मुख्य बिन्दु:

### ईरान के प्रमुख परमाणु स्थल:

- **नतांज:** यह मुख्य यूरेनियम-संवर्धन स्थल है।
- **फोर्डो ईंधन संवर्धन सुविधा:** यह कोम (Qom) के पास गहराई में अवस्थित संवर्धन फैसिलिटी है।
- **बुशहर संयंत्र:** इसमें रूस के रोसाटॉम के सहयोग से ईरान का एकमात्र संचालित परमाणु ऊर्जा रिएक्टर है।
- **तेहरान अनुसंधान संयंत्र:** यह चिकित्सा हेतु उपयोगी समस्थानिक के उत्पादन पर केंद्रित है।
- **इस्फ़हान:** यह प्राकृतिक यूरेनियम के प्रसंस्करण और ईंधन उत्पादन पर केंद्रित है।
- **अराक:** चिकित्सा हेतु उपयोगी समस्थानिक के उत्पादन पर केंद्रित है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# भारत-फिनलैंड संबंध

## चर्चा में क्यों?

- फिनलैंड के राष्ट्रपति की राजकीय यात्रा के दौरान, भारत और फिनलैंड ने अपने द्विपक्षीय संबंधों को "डिजिटलीकरण और संधारणीयता में रणनीतिक साझेदारी" तक बढ़ा दिया है।



## मुख्य बिन्दु:

- **व्यापार:** हाल ही में संपन्न भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते (FTA) का लाभ उठाते हुए, 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करके 2.6 बिलियन डॉलर करने का लक्ष्य है।
- **डिजिटल फ्रंटियर:** 6G पर एक संयुक्त टास्क फोर्स की स्थापना की जाएगी।
- **स्टार्टअप:** भारत-फिनलैंड स्टार्टअप कॉरिडोर के माध्यम से स्टार्टअप इकोसिस्टम के बीच बेहतर संपर्क हासिल किया जाएगा।
- **चक्रीय अर्थव्यवस्था (सर्कुलर इकोनॉमी):** भारत वर्ल्ड सर्कुलर इकोनॉमी फोरम 2026 की सह-मेजबानी करेगा। यह फिनलैंड की एक पहल है, जो चक्रीय अर्थव्यवस्था संबंधी समाधान प्रदान करती है।
- **मानव पूँजी:** विद्यार्थियों और पेशेवरों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी पर हस्ताक्षर किए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

## जैव-विविधता अभिसमय (CBD)

### चर्चा में क्यों?

- भारत ने जैव-विविधता अभिसमय (CBD) को अपनी सातवीं राष्ट्रीय रिपोर्ट सौंपी।

### मुख्य बिन्दु:

- यह रिपोर्ट केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा तैयार की गई है। यह रिपोर्ट जैव-विविधता अभिसमय (CBD) के तहत् भारत की आधिकारिक प्रस्तुति है।
- CBD के अनुच्छेद 26 के तहत्, पक्षकार देशों को CBD के कार्यान्वयन की दिशा में उठाए गए कदमों पर 'पक्षकारों के सम्मेलन' (COP) को राष्ट्रीय रिपोर्ट सौंपना आवश्यक है।
- यह कुनमिंग-मॉन्ट्रियल वैश्विक जैव-विविधता फ्रेमवर्क (KMGBF) के तहत् निर्धारित 23 लक्ष्यों की दिशा में प्रगति का पहला पूर्ण मूल्यांकन है।
- **नीतिगत समन्वय:** राष्ट्रीय जैव विविधता रणनीति और कार्य योजना (NBSAP) को अब KMGBF के अनुरूप बनाया गया है। NBSAP में 23 राष्ट्रीय जैव-विविधता लक्ष्य (NBTs) और 142 संकेतक हैं।
- **लक्ष्यों का कार्यान्वयन:** रिपोर्ट में सभी राष्ट्रीय जैव विविधता लक्ष्यों में प्रगति को सही दिशा में बताया गया है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- कुल वन क्षेत्रफल के मामले में भारत 9वें स्थान पर आ गया है। भारत में वन और वृक्षों का आवरण देश के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 25.17% है।
- भारत में 24.1 मिलियन हेक्टेयर भूमि को पुनर्बहाल किया जा चुका है या किया जा रहा है। ध्यातव्य है कि भारत ने 2030 तक 26 मिलियन हेक्टेयर निम्नीकृत भूमि को पुनर्बहाल करने का लक्ष्य रखा है।
- भारत विश्व के शीर्ष कार्बन सिंक देशों में 5वें स्थान पर है। 2021–2025 के दौरान भारत के वन प्रति वर्ष 150 मिलियन टन $CO_2$ को अवशोषित कर रहे हैं।
- भारत की कुल स्थापित विद्युत क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा संसाधनों की हिस्सेदारी 51.93% है। यह राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (NDC) के 50% तय लक्ष्य से अधिक है।

### जैव-विविधता अभिसमय (CBD)

- **सचिवालय:** मॉन्ट्रियल (कनाडा)
- यह 1992 में ब्राजील के रियो डी जनेरियो में संयुक्त राष्ट्र के पर्यावरण और विकास सम्मेलन (पृथ्वी शिखर सम्मेलन) में अपनाई गई विधिक रूप से बाध्यकारी संधि है।
- यह संधि 1993 में लागू हुई। यह संधि 'संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम' (UNEP) के तहत् कार्य करती है।
- **शासी निकाय:** पक्षकारों का सम्मेलन (CoP)।
- **उद्देश्य:** जैव विविधता का संरक्षण; इसके घटकों का संधारणीय उपयोग; और इससे उत्पन्न लाभों का उचित एवं समान बंटवारा।
- **प्रोटोकॉल:** "जैव-सुरक्षा पर कार्टाजेना प्रोटोकॉल" तथा "पहुंच और लाभ साझाकरण (ABS) पर नागोया प्रोटोकॉल"।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# विज्ञान प्रौद्योगिकी

## एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (ALH) Mk-III और श्टिल (Shtil) मिसाइल

### चर्चा में क्यों?

- रक्षा मंत्रालय ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए छह ALH Mk-III (समुद्री भूमिका) के अधिग्रहण के लिए अनुबंधों पर हस्ताक्षर किए। इसके अलावा भारतीय नौसेना के लिए वर्टिकल लॉन्च- श्टिल मिसाइलों के लिए भी अनुबंध किए गए।





### मुख्य बिन्दु:

**ALH Mk-III (MR):**

- यह दो इंजनों वाले हेलीकॉप्टर है। इसमें वर्तमान में संचालित एयरबोर्न प्लेटफॉर्म्स से बेहतर अत्याधुनिक विशेषताएँ हैं।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- यह तट-आधारित हवाई क्षेत्रों के साथ-साथ समुद्र में जहाजों से समुद्री सुरक्षा मिशनों की एक विस्तृत शृंखला चलाने में सक्षम है।
- इसे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड, बेंगलुरु के साथ 'बाइ (भारतीय-स्वदेशी रूप से डिजाइन विकसित और निर्मित)' श्रेणी के तहत् हस्ताक्षरित किया गया।

**श्टिल मिसाइल:**

- यह सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है, जो चुनौतीपूर्ण समुद्री परिवेश में तेजी से प्रतिक्रिया और बेहतर सर्वाइवल प्रदान करती है।
- इस मिसाइल के लिए रूस के JSC रोसोबोरॉनएक्सपोर्ट के साथ अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# IMPAct4Nutrition (पोषण के लिए निजी कार्रवाई की लामबंदी हेतु पहल: I4N)

## चर्चा में क्यों?

- नीति आयोग और यूनिसेफ इंडिया ने IMPAct4Nutrition (I4N) प्लेटफॉर्म के माध्यम से एक आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए।

## मुख्य बिन्दु:

- इसका उद्देश्य आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में पोषण और स्वास्थ्य संबंधी सुधारों को मजबूत करना है।

### I4N प्लेटफॉर्म:


- यह पोषण पर ज्ञान और संसाधनों के केंद्रीय हब के रूप में कार्य करता है।
- यह व्यवसायों और पोषण 2.0 से जुड़े व्यापक सामाजिक आंदोलन के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करता है।
- पोषण 2.0 का लक्ष्य बच्चों और महिलाओं, दोनों के लिए प्रमुख पोषण मानकों में सुधार हासिल करना है।
- इसमें ACE कार्ड पहल (पोषण के लिए परिसंपत्ति, पोषण के लिए CSR और पोषण के लिए कर्मचारियों की भागीदारी) शामिल है। इसका उद्देश्य कार्य परिवेश में बेहतर पोषण साक्षरता और खानपान की आदतों की दिशा में व्यवहार-परिवर्तन में तेजी लाना है।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

# मिनटमैन III (Minuteman III)

## चर्चा में क्यों?

- संयुक्त राज्य अमेरिका ने मिनटमैन III का परीक्षण प्रक्षेपण किया।




## मुख्य बिन्दु:

### मिनटमैन III

- यह एक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल है। यह अमेरिका के परमाणु त्रय (Nuclear Triad) का हिस्सा है।
- यह अमेरिकी वायु सेना ग्लोबल स्ट्राइक कमांड के नियंत्रण में परमाणु मिसाइल भूमि-आधारित हथियार है।
- इसमें तीन ठोस-प्रणोदक रॉकेट इंजन है। संचालन के समय इसकी गति लगभग मैक 23 होती है।
- **रेंज:** 6,000 मील से अधिक (5,218 समुद्री मील)।


उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR